## न्यूज डायरी



### यरूशलम में बच्ची को मिला 2 हजार साल पुराना चांदी का सिक्का

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** यरूशलम। इजरायल के यरूशलम शहर में 11 साल की बच्ची को 2 हजार साल पुराना सिक्का मिला है। इस सिक्के का महान क्रांति में हिस्सा लेने वाले एक यहूदी पुजारी ने बनाया था। यह रोमन साम्राज्य के खिलाफ पहला यहूदी युद्ध था। इजरायली बच्ची लिल क्रूटकोप को शहर के डेविड नैशनल पार्क में अन्य पुरातत्वविदों के साथ काम करते हुए यह चांदी से बना सिक्का मिला है।
यह सिक्का करीब 14 ग्राम का है और इस पर यहूदी क्रांति के बारे में प्राचीन चिन्ह और अभिलेख लिखे हुए हैं। इसके एक हिस्से पर कप बना है और इस पर इजरायली सिक्का और दूसरा साल लिखा हुआ है। यह दूसरा साल यहूदी क्रांति के दूसरे साल को बताता है। सिक्के के दूसरे हिस्से पर पवित्र यरूशलम प्राचीन हिब्रू भाषा में लिखा हुआ है। इजरायल के प्राचीन वस्तु प्राधिकरण के सिक्के के विभाग के प्रमुख डॉक्टर रॉबर्ट कूल ने कहा, यह एक दुर्लभ खोज है।

### इमरान खान बोले– सरकार के पास देश चलाने के लिए पैसा नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने मंगलवार को एक कार्यक्रम में स्वीकार किया कि देश की आर्थिक हालात बेहद खराब है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार के पास देश चलाने के लिए पैसा नहीं है। बढ़ता विदेशी कर्ज और कम कर वसूली राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा बन गया है। इस्लामाबाद में चीनी उद्योग के लिए फेडरल ब्यूरो आफ रेवेन्यू का ट्रैक एंड ट्रेस सिस्टम के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए इमरान ने कहा कि हमारी सबसे बड़ी समस्या यह है कि हमारे पास इतना पैसा नहीं है कि हम अपना देश चला सकें, जिसके कारण हमें कर्ज लेना पड़ता है। इमरान खान ने कार्यक्रम को आगे संबोधित करते हुए कहा कि संसाधनों की कमी के कारण सरकार जनता की बेहतरी के लिए बहुत कम खर्च करने कर पाती है। उन्होंने कहा कि बढ़ते विदेशी कर्ज और कम कर वसूली राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा बन गया है।

### आर्जेंटीना के आकाश में दिखे रूई के आकार के विशाल बादल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** आर्जेंटीना। आर्जेंटीना के आकाश में बेहद रहस्यमय बादल देखकर लोग दहशत में आ गए। ये दुर्लभ बादल आकाश में इस तरह से दिखाई दे रहे थे जैसे रूई के कई विशाल गोले तैर रहे हों। बताया जा रहा है कि गत 13 नवंबर को कासा ग्रांडे, कोरडोबा के आकाश में ये रहस्यमय आकार के बादल देखे गए। ये बादल देखने में बहुत ही खूबसूरत दिख रहे थे लेकिन तेज तूफान आने की चेतावनी दे रहे थे। इन बादलों के वीडियो को इंटरनेट पर पिछले सप्ताह अपलोड किया गया था और अब तक हजारों लोग इसे देख चुके हैं। इस वीडियो को देखने के बाद इसे रूई, मार्श मैलो, डरावना करार दे रहे हैं। इस वीडियो में कैप्शन दिया गया है, शनिवार को दोपहर में पूरा आकाश असामान्य बादलों से ढंका हुआ था। इसे देखकर मुझे लगा कि मैं जैसे पशुओं के बाड़े में फंसा हुआ हूं और इसके बाद बिजली कड़कने के साथ तेज तूफान, हवा और ओलावृष्टि शुरू हो गई।

### ऐस्टरॉइड से टक्कर के लिए रवाना हुआ नासा का अंतरिक्षयान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा अंतरिक्ष में ऐस्टरॉइड से टक्कर के लिए अपने अंतरिक्षयान को रवाना कर दिया है। नासा का यह डार्ट मिशन भविष्य में धरती की ओर रहे खतरनाक ऐस्टरॉइड को तबाह करने का तरीका बताएगा। इस मिशन के जरिए नासा यह भी जानने का प्रयास करेगी कि किसी विशाल आसमानी चट्टान को उसके रास्ते से हटाना कितना कठिन है। इस स्पेसक्राफ्ट को अरबपति एलन मस्क के रॉकेट फाल्कॉन 9 से अंतरिक्ष में भेजा गया है। यह अंतरिक्ष यान बुधवार को कैलिफोर्निया से डाइमोरफोस ऐस्टरॉइड से टक्कर के लिए रवाना हुआ। यह किसी ऐस्टरॉइड का रास्ता बदलने का पहला प्रयास है। हालांकि डाइमोरफोस ऐस्टरॉइड से धरती को कोई खतरा नहीं है। डार्ट को डबल ऐस्टरॉइड रिडॉयरेक्शन टेस्ट के लिए बनाया गया है।

# बांग्लादेश को अस्थिर करने की साजिश रच रही आइएसआइ

**साजिश**

## ढाका में इस्लामिक आतंकवाद की जड़ों को मजबूत कर रही है आइएसआइ



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
ढाका। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आइएसआइ ढाका में इस्लामिक आतंकवाद की जड़ों को मजबूत करके बांग्लादेश को अस्थिर करने की कोशिश कर रही है। बांग्लादेश लाइव न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, लश्कर के अलावा आइएसआइ की भूमिका पर जोर देते हुए बांग्लादेश के मंत्री हसन उल–इनू ने कहा कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी बांग्लादेश के स्वतंत्र होने के समय से ही बांग्लादेश को अस्थिर करने की कोशिश कर रही है और इन पहलुओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।
बांग्लादेश में आतंकवाद और पाकिस्तान द्वारा उसके समर्थन के बीच संबंध 2016 में ढाका के होली आर्टिसन बेकरी हमले में सामने आए थे, जिसमें पांच अलग–अलग देशों के 20 लोग मारे गए थे। यह हमला जमात–उल मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) ने किया था। बांग्लादेश लाइव न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, आतंकवादी समूह पर हमले के बाद की छापेमारी से पता चला कि इस समूह को पाकिस्तान स्थित लश्कर–ए–तैयबा (एलइटी) का समर्थन प्राप्त था।
पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आइएसआइ पर अक्सर लश्कर–ए–तैयबा सहित विभिन्न आतंकवादी समूहों का समर्थन करने का आरोप लगता रहा है। बांग्लादेश लाइव न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, 2016 के ढाका हमले के तुरंत बाद बांग्लादेश सरकार ने जांच में पाया कि जेएमबी के आतंकवादी सैन्य प्रशिक्षण के लिए पाकिस्तान और फिर अफगानिस्तान गए थे। रिपोर्ट के अनुसार, लश्कर–ए–तैयबा ने बांग्लादेश में जेएमबी और कट्टरपंथ को फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।
बताया जा रहा है कि जेएमबी और लश्कर–ए–तैयबा ने बांग्लादेश के काक्स बाजार के टेकनाफ और बंदरबन के दूरदराज के इलाकों में रह रहे रोहिंग्या मुसलमानों की मदद करना शुरू कर दिया है। इससे पहले म्यांमार के पूर्व राष्ट्रपति हतिन क्याव ने देश की सीमा चौकियों पर हमलों के लिए रोहिंग्या आतंकवादी समूह अका मूल मुजाहिदीन (एएमएम) को जिम्मेदार ठहराया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि बांग्लादेश स्थित एएमएम हरकत–उल–जिहाद इस्लामी–अराकान से उत्पन्न हुआ है, जिसका लश्कर और पाकिस्तान तालिबान के साथ घनिष्ठ संबंध है। एएमएम रोहिंग्या शरणार्थी शिविरों से युवाओं की भर्ती कर रहा है और उन्हें बांग्लादेश और भारत में आतंकी हमले करने के लिए प्रशिक्षण दे रहा है। बांग्लादेश लाइव न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, एक दशक से अधिक समय से लश्कर, जेएमबी, एएमएम के बीच मजबूत सहयोग रहा है। बांग्लादेश के युवाओं को हथियारों के प्रशिक्षण के लिए पाकिस्तान भेजा जाता है। 2012 में बांग्लादेश के अधिकारियों ने मौलाना शबीर अहमद को पकड़ा था। उसे पाकिस्तान स्थित एक अन्य आतंकी समूह जैश–ए–मोहम्मद की ओर से बांग्लादेश में रोहिंग्या आतंकवादियों के साथ काम करते हुए पाया गया था।

## तालिबान के कब्जे के बाद से अफगान मीडिया आउटलेट बंद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काबुल। अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद से कुल 257 मीडिया आउटलेट वित्तीय चुनौतियों और प्रतिबंधों के कारण बंद कर दिए गए हैं। यह जानकारी एक एनजीओ के हवाले से मीडिया रिपोर्ट के जरिये दी गई है। टोलो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, एनएआई ग्रुप जो 2004 से अफगान मीडिया उद्योग को समर्थन दे रहा है, उसने कहा कि बंद आउटलेट में प्रिंट, रेडियो और टीवी स्टेशन शामिल हैं।
एनएआई के अनुसार, 15 अगस्त को काबुल के तालिबान के हाथों में पड़ने के बाद से 70 प्रतिशत से ज्यादा अफगान मीडियाकर्मी बेरोजगार हो गए हैं या देश छोड़कर चले गए हैं। रिपोर्टों से यह भी पता चला है कि तालिबान के 100 दिनों के शासन के दौरान, अज्ञात सशस्त्र लोगों के हमले, विस्फोट, आत्महत्या और यातायात की घटनाओं सहित विभिन्न घटनाओं में 6 पत्रकारों ने अपनी जान गंवाई है।
तालिबान के नेतृत्व वाली इस्लामिक अमीरात सरकार के अधिकारियों ने बार–बार कहा है कि वे मीडिया की उपलब्धियों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। कहा गया है कि इस्लामिक अमीरात के मीडिया संचालन के सिद्धांतों की दो सूचियों में उल्लेखित प्रतिबंधों पर चिंता जताई जा रही है।



दुनिया की सबसे ज्यादा आबादी वाले चीन में कम शादी कर रहे लोग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाले देश चीन में कम होती जनसंख्या का संकट तेज हो गया है। चीन में गिरती जन्म दर के अलावा कम लोग शादी कर रहे हैं, जिससे यह संकट तेजी से बढ़ा है। हाल में जारी 'चाइना स्टैटिस्टिकल ईयरबुक 2021' के आंकड़ों से पता चलता है कि लगातार सात वर्षों में चीन में विवाह पंजीकरण की संख्या में कमी आई है, जो पिछले साल 17 साल के निचले स्तर पर पहुंच गई है। चीन के सरकारी अखबार चाइना डेली ने बुधवार को बताया कि आशंका है कि 2021 में चीन में विवाह पंजीकरण की संख्या में गिरावट जारी रहेगी।

## ताइवान ने तेज किया सैन्य प्रशिक्षण, तैयार कर रहा रिजर्व सेना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

ताइपे। चीन के मंडराते हमले के खतरे के बीच ताइवान ने अपनी सेना का प्रशिक्षण तेज कर दिया है। दरअसल, चीन की सेना पीएलए ने अपने महत्वाकांक्षी सैन्य आधुनिकीकरण को पूरा कर लिया है। यही नहीं ताइवान के रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी श्वेतपत्र में कहा गया है कि चीनी सेना के पास प्रमुख हवाई अड्डों और बंदरगाहों की नाकेबंदी करने की क्षमता आ गई है। वहीं अमेरिकी रक्षा मंत्रालय का कहना है कि चीन के अंदर क्षमता आ गई है कि वह ताइवान के नेतृत्व को साल 2027 तक वार्ता की मेज पर बैठने के लिए बाध्य कर सकता है।

**पीएलए ने महत्वाकांक्षी सैन्य आधुनिकीकरण को पूरा किया**

साल 2016 में सत्ता संभालने के बाद राष्ट्रपति त्साई इंग वेन ने ताइवानी सेना की ताकत को बढ़ाने पर पूरा जोर लगा दिया है। ताइवान ने अमेरिका से बड़े पैमाने पर हथियार खरीदे हैं क्योंकि उनके चीन के साथ संबंध बेहद खराब हो गए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने 75 करोड़ डॉलर के हथियारों को अपनी अनुमति दी है। इससे पहले डोनाल्ड ट्रंप ने साल 2020 में 5.1 अरब डॉलर के हथियारों को बेचने की अनुमति दी थी।
ताइवान का रक्षा मंत्रालय अब रक्षा क्षमता बढ़ाने के लिए अतिरिक्त 9 अरब डॉलर मांग रहा है जो उसे 5 साल में दिया जाए। यह पैसा उसके वर्तमान रक्षा बजट के अतिरिक्त है। ताइवान के भविष्य पर मंडराते खतरे के बीच अब सवाल यह उठ रहा है कि क्या आम जनता इसके लिए तैयार होगी। ताइवान ने सभी पुरुष नागरिकों के लिए यह जरूरी कर दिया गया है कि वे राष्ट्रीय सेवा को पूरा करें। वास्तविकता में इसका मतलब यह है कि वे सेना के साथ मिलकर लड़ने के लिए तैयार रहें।
ताइवान के सैनिकों की संख्या अभी 188,000 है और अगर नागरिक ठेकेदारों और ट्रेनी को मिला दिया जाए तो यह 215,000 तक हो सकती है।

### पाकिस्तानी सूचना मंत्री ने गार्लिक को बताया अदरक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। इमरान खान के करीबी पाकिस्तान के बड़बोले सूचना मंत्री फवाद चौधरी को गार्लिक (लहसुन) और जिंजर (अदरक) का मतलब तक नहीं पता। फवाद चौधरी ने एक संवाददाता सम्मेलन में गार्लिक को अदरक बता दिया। फवाद चौधरी का यह वीडियो अब सोशल मीडिया में जमकर शेयर किया जा रहा है। यूजर्स पाकिस्तानी सूचना मंत्री के ज्ञान पर सवाल उठा रहे हैं और उनका मजाक उड़ा रहे हैं। इस वीडियो में फवाद चौधरी देश में महंगाई के मुद्दे पर सवालों का जवाब देते हुए कहते हैं, गार्लिक का मतलब अदरक है। अदरक की कीमतें भी कम हुई हैं। अदरक और लहसुन दोनों ही का इस्तेमाल दुनियाभर में खाने को पकाने के दौरान किया जाता है। यूजर्स ने कहा कि पाकिस्तान के सूचना मंत्री से ऐसी गलती की उम्मीद नहीं थी। अनीश गोखले लिखते हैं, किसी ने फवाद चौधरी को लहसुन बताया, फिर भी। हंसते हुए मैं जमीन पर गिर जाऊंगा।